हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 18 जून 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में...



07 जैन तीर्थ समेत प्रदेश के धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी...



## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में 90 आवेदनों का निराकरण

**विदिशा।** मंगलवार को हुई जनसुनवाई में कलेक्टर अंशुल ने के समक्ष 225 आवेदन प्रस्तुत किए। जिसमें से मौके पर 90 आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर ने शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्रवाई कर निराकरण की स्थिति का जबाव जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

### जिले में 1.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

**विदिशा।** जिले में पिछले 24 घंटों में 7.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। सर्वाधिक वर्षा विदिशा तहसील में 28 मिमी और सबसे कम गुलाबगंज एवं नटेरन में दो-दो मिमी दर्ज हुई है। इसके अलावा ग्यारसपुर में 25 मिमी, कुरवाई में 13.2 मिमी, सिरोंज में पांच मिमी तथा बासौदा तहसील में 3.6 मिमी वर्षा दर्ज हुई है शेष अन्य तहसीलों लटेरी, शमशाबाद, पठारी में वर्षा नगण्य रहीं।

### 15 अक्टूबर तक संचालित होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**विदिशा।** जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना 15 जून से जिला मुख्यालय पर नवीन कम्पोजिट भवन में की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 15 जून से क्रियाशील हो गया है। जो 15 अक्टूबर तक 24 घंटे संचालित रहेगा। जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07592-181 एवं 07592-237880 है। साथ ही व्हाटसएप हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 7400507766 है, जिस पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की जानकारियां एवं फोटो आदि भेजे जा सकेंगे। विदिशा जिले की जीवनदायिनी बेतवा नदी के खतरे का जल स्तर 1373.60 फीट है।

### आपदा प्रबंधन उपकरणों के संचालन की सीख दी

**विदिशा।** नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक जैन के मार्गदर्शन में बासौदा एवं आस पास की डीआरसी में तैनात होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानों तथा आपदा मित्रों, सिविल डिफेंस वालेंटियर्स को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें तैराकी, मोटर वोट चालन, रेस्क्यू तकनीक जैसे नदी में डूबने वाले व्यक्ति को हेड टॉ, चिन टॉ के माध्यम से कैसे बचाकर बाहर निकालें, आपदा प्रबंधन उपकरणों का संचालन आदि के बारे में सीख दी गई। होमगार्ड विभाग के सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा एवं एसडीईआरएफ के कुशल जवानों द्वारा दिया गया।

### जनसुनवाई में गोरेलाल की वृद्धावस्था पेंशन शुरू

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में पेंशन राशि स्वीकृत करने के प्रकरण में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर मौके पर ही आवेदक की समस्या का निराकरण कराया है, जिससे कि अब हितग्राही गोरेलाल मीणा को पेंशन शुरू हो गई है।अब श्री गोरे लाल मीणा को 300 रुपए की राशि प्रतिमाह उनके बैंक खाते में प्राप्त होने लगेगी।

### एनआरसी में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराएं

**विदिशा।** जिले में कुपोषण से मुक्ति हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की पहल पर कुपोषित बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया क्रियान्वयन की जा रही है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास द्वारा गुगल आन लाइन के माध्यम से कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से अपने नजदीक का कुपोषित बच्चा को गोंद लेकर उसे तीन माह तक सुपोषण किट गोद लेने वाले अपनी ओर से प्रदाय कर सकते हैं। इसके अलावा विभाग का अमला चिंहित ऐसे सभी बच्चों पर विशेष ध्यान दें रहा है। अभियान का उददेश्य कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें कुपोषण से मुक्ति दिलाना है।

---

## तबादलों के आदेश निरस्त करने के नाम पर मोटी कमाई की तैयारी

ट्रांसफर के लिए आवेदन नहीं करने वालों के भी कर दिए तबादले

# सीएमएचओ कार्यालय में स्थानांतरण नीति की धज्जियां उड़ाकर किए तबादले

### संविदाकर्मियों का वेतन रोकने के मामले में भी हुआ था हंगामा, फिर बन रही ऐसी स्थिति


हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र तिवारी पर भ्रष्टाचार और तानाशाही के गंभीर आरोप लगते जा रहे हैं। डॉ. तिवारी की पहले भी अनेक शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन अब तक न तो जिला प्रशासन और न ही शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है। अब तक के सभी मामलों को दबा दिया गया है।

ताज़ा मामला संविदा कर्मचारियों के स्थानांतरण से जुड़ा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की स्पष्ट गाइडलाइन है कि किसी संविदा कर्मचारी का ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में तबादला नहीं किया जा सकता। लेकिन डॉ. तिवारी ने इन निर्देशों को ताक पर रखकर मनमाने स्थानांतरण किए। न तो संबंधित कर्मचारियों ने स्थानांतरण हेतु कोई आवेदन किया था और न ही ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया का पालन किया गया। बल्कि खुद सीएमएचओ द्वारा कर्मचारियों को फोन कर डराया-धमकाया गया और जबरन रिलीव कर नए पदस्थापना स्थलों पर भेजा गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक को भी बिना कार्यमुक्त किए रिलीव कर दिया गया। जब उनसे कारण पूछा गया तो डॉ. तिवारी ने कहा ऊपर से फोन आया है। सवाल उठता है कि क्या यह अधिकारों का दुरुपयोग नहीं है।

### बिना आवेदन कर दिए तबादले, चहेतों का गांव से शहर में तबादला

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीएमएचओ योगेश तिवारी द्वारा 20 से 25 ट्रांसफर किए गए हैं। जिनमें 7 से 8 ट्रांसफर ऐसे हैं जिन्होंने कोई आवेदन नहीं किया था। इसमें ऐसे कर्मचारी भी शामिल हैं जो गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं उन्हे लंबी दूरी




पर तबादला किया गया है। जबकि नियम के मुताबिक ऐसे कर्मचारियों को प्राथमिकता देकर सुविधायुक्त जगह दी जानी थी। सीएमएचओ कार्यालय में जो कर्मचारी अटैचमेंट कराकर मौज कर रहे थे उन्हे व्यवस्थित स्थानों पर पहुंचा दिया गया है। सीएचओ का कहना है कि हमारे नाम से फर्जी आवेदन और हस्ताक्षर किए गए हैं।

### कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी

कई पीड़ित कर्मचारियों ने कलेक्टर को आवेदन देकर स्थानांतरण निरस्त करने की मांग की थी, जिस पर कलेक्टर ने टीप लगाकर मामले को सीएमएचओ को प्रेषित किया था। लेकिन सीएमएचओ डॉ. तिवारी द्वारा उन आवेदनों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई और उच्चाधिकारियों को गुमराह कर यह बताया गया कि कोई आवेदन प्राप्त ही नहीं हुआ। बिना आवेदन के ट्रांसफर किए गए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी आज कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याएं बताएंगे।

### स्थानांतरण समिति दिखावा साबित हुई

स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया था, लेकिन कर्मचारियों का आरोप है कि समिति को कोई अधिकार या जिम्मेदारी नहीं दी गई। सभी निर्णय अकेले सीएमएचओ द्वारा लिए गए, जो कि पारदर्शिता और नियमानुसार प्रक्रिया की धज्जियां उड़ाने जैसा है। पीड़ित संविदा एवं नियमित कर्मचारियों ने कलेक्टर से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिनका स्थानांतरण नियम विरुद्ध हुआ है उन्हें न्याय दिलाया जाए।

### सेवानिवृत्ति से पहले स्थानांतरण घोटाला

सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र तिवारी इसी माह 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि क्या भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे अधिकारी को शासन एक ईमानदार सेवक की तरह सम्मानित कर सेवानिवृत्त करेगा या फिर उनकी कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। पूर्व में सीएमएचओ कार्यालय में संविदाकर्मियों ने भी वेतन रोकने को लेकर हंगामा किया था और सीएमएचओ को जमकर खरीखोटी सुनाई थी।

### जांच कराएंगे




तबादलों को लेकर असंतुष्ट कर्मचारी मुझे जानकारी दें। गंभीर बीमारी वाले कर्मचारियों को अधिक दूरी पर भेजा गया है तो शिकायत आने पर जांच कराई जाएगी। - **अंशुल गुप्ता**, कलेक्टर

---

## लंबित घोषणाओं की रिपोर्ट पर विमर्श

# मुख्यमंत्री घोषणाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा, तेज हुई कार्रवाई



विदिशा। बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

### नगर निगम के मानकों के अनुरूप तैयारियों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की गई।

मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणाओं पर विभागीय अमला तेजी से अमल में जुटा हुआ है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को विभागों के अधिकारियों के साथ घोषणाओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने विभागवार घोषणाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए अब तक पूर्ण की गई घोषणाओं के अनुपालन में हुई कार्यवाहियों की जानकारी प्राप्त की। बैठक के दौरान धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, परिवहन, खेल एवं युवा कल्याण, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगरीय विकास एवं आवास, लोक निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उच्च शिक्षा, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग से जुड़ी लंबित घोषणाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। उन्होंने लटेरी तहसील में निजी वाहनों के साथ-साथ शासकीय बसों के सुचारु संचालन के लिए जिला परिवहन अधिकारी को आवश्यक कदम उठाने को कहा। वहीं लटेरी के आनंदपुर में प्रस्तावित महाविद्यालय स्थापना के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत अद्यतन जानकारी पर भी चर्चा की गई। बैठक में विदिशा नगरपालिका को नगर निगम के मानकों के अनुरूप तैयारियों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की गई।

---

### सुनपुरा गांव में जन चेतना शिविर लगा

**विदिशा।** ग्राम पंचायत सुनपुरा में आपदा से बचाव संबंधी जन चेतना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी एचआई मोहन लाल कुशवाह के नेतृत्व में एसडीईआरएफ टीम द्वारा बाढ से पूर्व तैयारी, आग की घटना में बचाव, घरेलू उपकरणों से बचाव, राफ्ट बनाना, कंबल, चादर से स्ट्रेचर बनाना, सीपीआर देना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, सांप के काटने पर त्वरित कार्यवाही और सावधानियां तथा ड्राई रेस्क्यू, वज्रपात के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जानकारी दी गई।

## आनंदपुर पुलिस ने गांजे की खेती करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा, 11 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर

जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आनंदपुर पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित करते हुए गांजे की खेती के दो मामलों में कुल 11 किलो 600 ग्राम वजनी गांजे के पौधे जप्त किए हैं। 15 जून को पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम नरखेड़ा जागीर (मजरा शंकरपुरा टपरा) स्थित दो अलग-अलग घरों में गांजे के पौधे लगाए गए हैं। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस ने तत्काल योजनाबद्ध दबिश दी और दोनों स्थानों से मादक पौधों को जप्त किया।

पहली कार्रवाई में राजाराम सहरिया, पिता स्व. निर्पत सिंह, उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम नरखेड़ा जागीर टपरा के निवास से गांजे का पौधा बरामद किया गया।

### महिला आरोपी के घर से भी गांजा जब्त किया

दूसरी कार्रवाई में भागवती बाई पति सोमत सिंह सहरिया निवासी ग्राम नरखेड़ा जागीर के परिसर से भी गांजे का पौधा बरामद किया गया। इस मामले में आनंदपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत केस दर्ज कर महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### एसडीएम ने नाला सफाई अभियान का जायजा लिया

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** विदिशा नगरपालिका क्षेत्र में स्थित नालों की सफाई का कार्य अभियान के रूप में क्रियान्वित किया जा रहा है। विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा और नपा अधिकारी दुर्गेश सिंह ने संयुक्त रूप से भ्रमण कर जायजा लिया है। नाला सफाई और पूर्व वर्ष के जल भराव के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया और सुधार कार्यों के परिप्रेक्ष्य में किए जा रहे कार्य को देखा है।उत्कृष्ट विद्यालय के समीप स्थित नाले की सफाई पर विशेष ध्यान देकर कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## कोतवाली पुलिस ने 7.4 किलो गांजा के साथ तस्कर को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोतवाली पुलिस ने रविवार शाम करीब 7.4 किलो गांजा जब्त किया है। मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया गया है।

16 जून को शाम 6 से 8:30 बजे के बीच रामलीला मैदान के पीछे श्मशान घाट क्षेत्र में पुलिस ने दबिश दी। दौरान एक आरोपी लखन मीणा पिता मलखान सिंह मीणा निवासी बड़ौदा राम बावड़ी थाना कोतवाली रायसेन को पुलिस ने पकड़ा। जिसके पास से 7 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत 1.10 लाख आंकी गई है। आरोपी की बाइक भी जब्त की गई है। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। शहर में बड़े स्तर पर गांजे की बिक्री और सप्लाई हो रही है।

---

## ग्रामीणों ने सड़क की मांग को लेकर हाईवे पर किया चक्काजाम, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत घटेरा के ग्राम भैरोपुर जामन पानी के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को खराब सड़क की समस्या को लेकर ग्यारसपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 146 केवटन नदी के पुल पर चक्का जाम किया।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासन द्वारा उनकी समस्या को नजरअंदाज किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के चलते हाईवे पर यातायात करीब 10 से 15 मिनट के लिए बाधित रहा, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों



देवेंद्र तिवारी, मनू ठाकुर, सुनील आदिवासी, मथूरा आदिवासी, मलखान अहिरवार ने आरोप लगाया कि भैरोपुर से जामन पानी तक की एक किलोमीटर सड़क जिसकी हालत खस्ता है, जिसके कारण गांव में आवागमन की स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। बारिश के मौसम में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। स्कूल जाने वाले बच्चों और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

प्रदर्शन के दौरान मौके पर पहुंचे एसडीएम पुलिस प्रशासन के साथ एसडीएम मनोज कुमार उपाध्याय ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी मांग वरिष्ठ कार्यालय तक पहुंचाई जाएगी। इसके बाद ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर विरोध प्रदर्शन समाप्त किया। ज्ञापन में उन्होंने सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान दर्जनों ग्रामीण महिलाएं बच्चे मौजूद रहे।

### व्यवस्था दुरुस्त करने बिजली कंपनी के प्रबंधक को हिउस ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** शहर में दिन-रात बिजली कटौती को लेकर हिंदू उत्सव समिति ने मंगलवार को ज्ञापन सौंपा। शहर में बिजली हर 5 मिनट आने के बाद आधे घंटे या उससे अधिक समय तक नहीं आती है। ज्ञापन में बताया गया कि अधिकांश शाम के समय लाइट कटौती की जा रही है जिससे हमारे धार्मिक स्थलों में होने वाली आरती में व्यवधान पैदा हो रहा है। कई बार पूरी रात बिजली नहीं आती। रात में विभाग के कार्यालय में कोई कर्मचारी नहीं मिलता। लाइनमैन को फोन करने पर या तो वह जवाब नहीं देता या मोबाइल स्विच ऑफ रहता है। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस समस्या से बिजली विभाग को कई बार अवगत करवाया जा चुका है। लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। गर्मी में लोगों को विशेष परेशानी हो रही है।

## बंदूक जैसी आवाज करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर पर न्यायालय ने नहीं दी सुपुर्दनामा की अनुमति

### यातायात प्रभारी ने रॉयल एनफील्ड शोरूम से जब्त किए थे 59 मोडिफाइड साइलेंसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रॉयल एनफील्ड बुलेट शोरूम से जब्त किए गए तीव्र ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध साइलेंसरों के सुपुर्दनामा आवेदन को सीजेएम न्यायालय ने खारिज कर दिया है। इन साइलेंसरों की आवाज गोली चलने जैसी तेज़ बताई गई थी, जिससे राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को असहजता का सामना करना पड़ता था।

अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कथोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 दिसंबर 2024 को थाना प्रभारी यातायात निरपत सिंह लोधी द्वारा विदिशा स्थित सांची रोड के रॉयल एनफील्ड शोरूम से 59 मोडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए थे। यह साइलेंसर सामान्य मानकों से भिन्न और कानूनी मापदंडों के विरुद्ध पाए गए थे।

जप्त किए गए साइलेंसरों की जांच एमटीओ परीक्षण केंद्र विदिशा से कराई गई थी, जिसमें पुष्टि हुई कि ये साइलेंसर निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं हैं। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि ये उपकरण अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करते हैं, जो बंदूक की गोली जैसी आवाज़ निकालते हैं, जिससे यातायात में व्यवधान और आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है।

### न्यायालय ने सुपुर्द करने से इनकार किया

शोरूम संचालक ने साइलेंसरों को वापस लेने सीजेएम न्यायालय में सुपुर्दनामा आवेदन प्रस्तुत किया था। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी मनीष कथोरिया ने पैरवी की और मार्गदर्शन जिला लोक अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर का रहा। सुनवाई में थाना यातायात प्रभारी आशीष राय भी उपस्थित रहे। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमति जताते हुए यह माना कि जब्त साइलेंसर न केवल कानूनी मानकों का उल्लंघन करते हैं, बल्कि जनसुरक्षा और शांति व्यवस्था के लिए भी खतरा हैं।

---

### पिपरिया अजीत में 75 साल से खंभे लगे, तार, ट्रांसफॉर्मर नहीं

**विदिशा।** तहसील के पिपरिया अजीत गांव में अभी तक बिजली नहीं पहुंची है। मंगलवार को जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी व्यथा बताई। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 50-60 वर्षों से गांव में बिजली की सुविधा नहीं है। शासन से बिजली सप्लाई की मंजूरी मिलने के बाद विद्युत पोल लगा दिए गए। लेकिन तार और ट्रांसफॉर्मर अभी तक नहीं लगाए गए हैं। गांव के निवासी चैन सिंह ने कहा कि आजादी के बाद से गांव में अंधेरा छाया हुआ है। शासन की योजना आने पर उम्मीद जगी थी। ठेकेदार ने खंभे लगाए, लेकिन तार और डीपी नहीं लगाई। बिजली विभाग के कई चक्कर लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो महीने से काम पूरी तरह रुका हुआ है। उनका कहना है कि सिर्फ लाइन और ट्रांसफॉर्मर लगाने से गांव में रोशनी आ सकती है। कलेक्टर ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्या जल्द हल करने के निर्देश दिए हैं। पिपरिया अजीत के निवासियों को अब कलेक्टर से उम्मीद है कि गांव का अंधकार दूर होगा।

### उपस्थिति बढ़ाने और पालक संपर्क रजिस्टर संधारित करने के निर्देश

## शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण कर बच्चों की उपस्थिति और गुणवत्ता पर कलेक्टर ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में शैक्षणिक व्यवस्था की सघन निगरानी के तहत कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर मंगलवार को शासकीय शिक्षण संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण का उद्देश्य बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की समीक्षा करना तथा शासन स्तर पर मिलने वाली सुविधाओं की उपलब्धता की स्थिति को परखना था। एपीसी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा किए गए निरीक्षण में शासकीय प्राथमिक शाला कोठीचार कलां में 29 पंजीकृत छात्रों में से मात्र 12 छात्र उपस्थित पाए गए, जबकि उपस्थिति रजिस्टर में 18 नाम दर्ज थे। विद्यार्थियों की अंग्रेजी विषय में दक्षता कमजोर पाई गई। शिक्षिका सिया बाई चौधरी उपस्थित थीं, जबकि सहायक शिक्षक शिवचरण राय परीक्षा ड्यूटी में लगे थे। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पालकों से नियमित संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाई जाए और पालक संपर्क रजिस्टर संधारित किया जाए। साथ ही, गांव का व्हीईआर सर्वे भी कराने के निर्देश दिए गए। शासकीय एकीकृत हाई स्कूल कोठीचार कलां में समस्त स्टाफ उपस्थित मिला और शाला निर्धारित समय पर संचालित पाई गई। छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने हेतु पालकों से सतत संवाद रखने तथा अध्यापन कार्य में गुणवत्तापूर्ण सुधार लाने के निर्देश दिए गए।

### पीपलखेड़ा शालाओं में कम उपस्थिति और स्टाफ की कमी

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला पीपलखेड़ा में 57 छात्रों में से केवल 11 उपस्थित मिले, जबकि 5 में से 3 शिक्षक ही उपस्थित थे। कुछ शिक्षक अवकाश पर हैं और अन्य परीक्षा ड्यूटी में संलग्न हैं। शैक्षणिक स्तर सामान्य पाया गया, तथा शाला परिसर में स्वच्छता कार्य जारी था। एकीकृत कन्या माध्यमिक शाला पीपलखेड़ा में 5 में से सिर्फ 2 शिक्षक उपस्थित पाए गए। एक शिक्षक 1 जून से बिना सूचना के अनुपस्थित हैं। शाला में 55 छात्राओं में से केवल 10 उपस्थित थीं। अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई के संकेत मिले हैं।

### बड़ा फेरबदलः प्रधान आरक्षक और 179 आरक्षकों का स्थानांतरण

**विदिशा।** पुलिस कर्मियों का बड़ा फेरबदल प्रधान आरक्षक और 179 आरक्षकों का स्थानांतरण विदिशा। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत और सुरक्षा तंत्र को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक रोहित कसवानी ने व्यापक स्तर पर स्थानांतरण किए हैं। जिले के विभिन्न थानों और पुलिस इकाइयों में तैनात 325 पुलिस कर्मियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें 43 सहायक उप निरीक्षक, 103 प्रधान आरक्षक और 179 आरक्षक शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह निर्णय क्षेत्रीय आवश्यकताओं के आधार पर लिया गया है। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और सामाजिक व्यवस्था को ध्यान में रखा गया है। इस फेरबदल से थानों की कार्यशैली में सुधार की उम्मीद है। अपराध नियंत्रण और जनता के प्रति जवाबदेही बढ़ेगी। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा कि जल्द ही और सुधारात्मक कदम उठाए जाएंगे। इससे जिले में सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनेगा।

### कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान की हुई बैठक

**कुरवाई।** एआईसीसी पर्यवेक्षक ममता भूपेश बैरवा ने महात्मा गांधी और डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर की बैठक की शुरुआत की। जिला अध्यक्ष के चयन हेतु कार्यकर्ताओं से रायशुमारी की। मप्र में कांग्रेस संगठन में बदलाव हेतु संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत विदिशा जिले में अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान की पूर्व कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश बैरवा को मुख्य पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया एवं पूर्व मंत्री प्रभु सिंह ठाकुर एवं लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र मालवीय ने आज कुरवाई पहुंचकर कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से जिला अध्यक्ष की नियुक्ति हेतु वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से अलग-अलग चर्चा करके सभी की राय जानी। ममता भूपेश ने अपने संबोधन में कहा की बैठक में मौजूद कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर हैं और अब अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों को मुख्य धारा में लाने का अभियान कांग्रेस पार्टी चला रही है कांग्रेस पार्टी में अब तेरा मेरा नहीं चलेगा ईमानदार और निष्ठावान कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाएगी।

ऐजेन्सी देना है। हरिभूमि
विदिशा जिले में ऐजेन्सी देना है ।
नटेरन, मण्डीबामोरा, आनदपुर, पठारी, अटारीखेजड़ा, मुरारिया, त्यौंदा, मुरवास
सम्पर्क करें अटल तिवारी : 9425422701
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव- 3173
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2640
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2331
उच्चतम भाव-2440
चना
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5571
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3050
उच्चतम भाव-3335
धान
न्यूनतम भाव-1220
उच्चतम भाव-3510
मसूर
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-6810
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7400
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4900
मूंग
न्यूनतम भाव-4500
उच्चतम भाव-7090
धनिया
न्यूनतम भाव-5710
उच्चतम भाव-6526
उड़द
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-5550
बटरी
न्यूनतम भाव-2850
उच्चतम भाव-3762
तुअर
न्यूनतम भाव-4070
उच्चतम भाव-5200
ज्वार
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 14736 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### आरोपी पर नगद इनाम की घोषणा

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना बासौदा में दर्ज प्रकरण के फरार आरोपियों की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना शहर में दर्ज अपराध क्रमांक 201/2025 के फरार आरोपी लल्ला उर्फ जोया उर्फ दिलशाद पुत्र जिन्दा उम्र 28 साल निवासी इमाम गेट मोहल्ला कैराना जिला शामली (उप्र) की सूचना देने वालों को पांच हजार रूपए एवं अपराध क्रमांक 95/2022 के फरार आरोपी बलदेव पुत्र हुकुम शर्मा निवासी ग्राम भरनाखुर्द थाना बरसाना तहसील गोवर्धन जिला मथुरा (उप्र) की सूचना देने, गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया है तथा सूचना देने वाला व्यक्ति का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## आसमान में छाए बादलों का आकर्षक नजारा....



गंजबासौदा। इलाके में दिन तेज गर्मी और शाम होते ही हवा के साथ नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में कही तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी होने से लोगों को राहत तो मिली ही जाती है और सुबह होते ही फिर गर्मी हो जाती है। मंगलवार को दिन भर बादल छाए रहे और शाम को इलाके में कई जगह हल्की बारिश हुई। फोटो : राजा छारी।

## मुस्लिम राष्ट्रीय मंच करेगा शाला को कम्प्यूटर सेट भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मुस्लिम राष्ट्रीय मंच द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय पचमा के गुरूजनों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इन्द्रेश कुमार भी कहते है हमारे एक हाथ मे आधुनिक शिक्षा मतलब कम्प्यूटर लेपटाप हो तो एक हाथ मे धर्म संस्कृति दोनो के योग से ही भारत विश्व गुरू महाशक्ति देश बनेगा। इस अवसर पर अली ने माध्यमिक विद्यालय पचमा को एक कम्प्यूटर सेट भेंट करने की घोषणा की ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी कम्प्यूटर विज्ञान तकनीक आधुनिक ज्ञान हासिल कर सकें। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता



राशिद अली ने बच्चों को नियमित शाला आने अनुशासन मे रहने का मंत्र दिया। आदिल अली, शोएब अली ने प्रधानाध्यापक प्रीती समैया, प्रमोद अहिरवार को ग्रामीण बच्चो विशेषकर बालिकाओं के शिक्षण कार्य मे विशेष रूचि लेकर उनको आगे बढाने के प्रयासों की प्रशंसा कर उनको सम्मानित किया। इस मौके पर मंच कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिविर में विभिन्न ग्रामों के ग्रामीण हुए लाभांवित, एसडीएम ने दी योजनाओं की जानकारी

# धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत धरती आबा अभियान जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन मंगलवार को आयोजित किया गया। उक्त शिविर 30 जून तक जारी रहेंगे। धरती आबा योजना के तहत बासौदा विकासखण्ड के पांच ग्राम बैदकचोड़ा, त्योंदा, करीमपुर, दैलवाड़ा, बरमढी में शिविर आयोजित किए गए। ग्राम त्यौंदा, करीमपुर में धरती आबा शिविर में एसडीएम विजय राय ने ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। शिविर के दौरान हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी ग्रामीणजन मौजूद थे। समस्या समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है। मौके पर आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता खोलना, आधार कार्ड, पात्रता पर्ची, जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा अन्य योजनाओं में लाभ देने की कार्रवाई की गई है।



### एसडीएम ने पैक्स सोसाइटी का औचक निरीक्षण किया

गंजबासौदा। मंगलवार को एसडीएम विजय राय ने पैक्स सोसाइटी घटेरा का औचक भ्रमण किया। यहां उन्होंने समिति के कार्यों की पंजियों का जायजा लिया। अवगत कराया गया कि समिति में 750 किसान पंजीकृत हैं। पिछले खरीफ सीजन में लगभग 390 कृषकों द्वारा 150 मेट्रिक टन खाद का उठाव किया गया था। वर्तमान में लगभग 200 कृषकों के द्वारा 110 मेट्रिक टन खाद का उठाव हो चुका है। वर्तमान स्थिति अनुसार 60 मेट्रिक टन खाद की मांग है, जिसमें मुख्यतः डीएपी की मांग कृषकों द्वारा की जा रही है। समिति पर वर्तमान में केवल 27 टन एनपीके उपलब्ध है। संपूर्ण वितरण की कार्रवाई पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही है। वितरण सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है।

### अभियान के लिए ग्रामवार नोडल अधिकारी किए नियुक्त

गंजबासौदा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने धरती आबा अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरो के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए ग्रामवार नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिन ग्रामों में शिविर आयोजित हो रहे हैं उनमें राजस्व, जनपद, खाद्य विभाग, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, कृषि, लीड बैंक, भू-अभिलेख, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ऊर्जा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग सहित कुल 13 विभागों के अधिकारी प्रत्येक शिविर में मौजूद रहकर लाभ संतृप्ति में अहम भूमिका निभा रहा है।

### मुआवजे के लिए किसान शीघ्र जमा कराएं दस्तावेज

गंजबासौदा। राष्ट्रीय राज्यमार्ग 146 ग्यारसपुर राहतगढ खंड में त्योंदा तहसील के तहत ग्राम बूढ़ी बागरोद, बागरोद, ढोलबाज, मोहनपुर वीरान, गौडखेडी मार, शेखपुर, खेरोदा बागरोद,चक्क बागरोद, कस्बा बागरोद, बरमढी की भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। अब मुआवजे का निर्धारण, संबंधित भूमि स्वामियों के दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता आदि एकत्रित कर भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। एसडीएम कार्यालय से सार्वजनिक सूचना जारी की गई है कि सभी संबंधित भू स्वामी अपने दस्तावेज शीघ्र एसडीएम कार्यालय बासौदा में जमा करावें, ताकि मुआवजा राशि का वितरण शीघ्र किया जा सके। साथ ही मानसून को ध्यान में रखते हुए भू स्वामियों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिग्रहीत भूमि में फसल बुआई न करें। यदि भूमि-स्वामी द्वारा फसल की बुआई की जाती है, एनएचएआई तत्काल कब्जा लेने स्वतंत्र रहेगा। साथ ही कब्जे लेने पर फसल की कोई अतिरिक्त मुआवजा राशि नही दी जाएगी।

## देहात व सिटी थाने से पुलिस कर्मियों के हुए थोकबंद तबादले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी ने जिले में व्यापक स्तर पर तबादले किए हैं। गंजबासौदा के विभिन्न विभागों से 28 पुलिस कर्मचारियों को अन्य स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। स्थानांतरण आदेश के मुताबिक शहर थाने से 9 कर्मचारियों का तबादला किया गया है। देहात थाने से 10 कर्मचारी, यातायात विभाग से 3 कर्मचारी और एसडीओपी कार्यालय से 5 कर्मचारियों को जिले के अन्य थानों में भेजा गया है। स्थानांतरित कर्मचारियों के लिए यह निर्णय चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। कई कर्मचारियों के बच्चों का गंजबासौदा के स्कूलों में नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश हो चुका है और ऐसे में कर्मचारियों को नई नियुक्ति स्थल पर रहना होगा। इस बीच उनके परिवार गंजबासौदा में रहेंगे। पुलिस कर्मियों ने बताया कि अब वे बच्चों की पढ़ाई और अपने परिवार की देखभाल को लेकर चिंतित हैं। नए स्थान पर काम करने और परिवार से दूर रहने की स्थिति उनके सामने नई चुनौती बनकर खड़ी हो गई है। जिससे कार्य में भी परेशानी आएगी।

## स्टाफ की कमी से जूझ रहे उपभोक्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

तहसील मुख्यालय में बैंक ऑफ बडोदा की शाखा में पिछले काफी समय से स्टॉफ की कमी से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। कई किसान बैंक में अकाउंट चेक नहीं करा पा रहे, कई लोग पैसा निकालने आते हैं उनके रुपए नहीं निकल पाते, कई लोगों के काम हो पाते हैं, कई लोगों के काम नहीं हो पाते। उपभोक्ताओं ने बताया कि बैंक पिछले काफी समय से स्टॉफ की कमी से जूझ रही है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण बैंक उपभोक्ताओं ने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से रिक्त पदों पर शीघ्र कर्मचारियों की नियुक्ति कराए जाने की मांग की है। ताकि उपभोक्ताओं को बैंक सेवाओं का त्वरित लाभ मिल सके।

### सर्पदंश से बालक की मौत



गंजबासौदा। ग्राम मूडरी धाम मंदिर में आरती के दौरान 15 वर्षीय बालक रंजीत दास की सर्पदंश से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब मंदिर में आरती चल रही थी और अचानक बिजली सप्लाई बंद हो गई। अंधेरा हो गया। इसी दौरान रंजीत मोटर का स्विच बंद करने गया। तभी उसका पैर सांप पर पड़ गया। सांप ने उसे काट लिया। उसे तुरंत उपचार के लिए त्योंदा शासकीय जन चिकित्सालय ले जाया गया। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रंजीत को बचपन से ही मूंडरी धाम के महंत लखन दास महाराज ने पाला था। उसकी मां उसे हरियाणा से यहां छोड़ गई थी, महंत ने ही उसे अपना नाम दिया था। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया, ग्रामीणों ने विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया।

## यातायात पुलिस ने बनाए 3600 के चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यातायात पुलिस द्वारा नगर में लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस प्रभारी निरपत सिंह के नेतृत्व में टीम ने सोमवार को जय स्तंभ चौक पर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान दो पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन, तीन सवारियां बैठाने, नंबर प्लेट न लगी होने, लायसेंस न होने आदि की जांच की गई। जिसमें कमी पाए जाने पर 12 वाहन चालकों के 3600 रुपए के चालान बनाए गए और राशि वसूल की गई। यातायात प्रभारी



निरपत सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे अपने वाहन पूरे दस्तावेजों के साथ और नियमानुसार चलाएं। सुरक्षा के लिए हैलमेट पहनें, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं, लायसेंस होने पर ही वाहन चलाएं, सुरक्षा का ध्यान रखें आदि की हिदायत वाहन चालकों को दी।

## मुख्य मार्ग पर देर तक लगा रहा जाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को नगर के सिरोंज चौराहा क्षेत्र में वाहनों के फंस जाने से देर तक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। जाम के चलते सड़क पर दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। लोग गर्मी के मौसम में जाम हटने का इंतजार करते रहे। यहां उल्लेखनीय है कि सड़क किनारे दो पहिया वाहन चालकों एवं हाथ ठेला वालों द्वारा अव्यवस्थित ढंग से अपने वाहन और हाथ ठेले खड़े कर लिए जाते हैं। जिससे आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होती है।

### 75 हजार रुपए मूल्य का गांजा किया जब्त

## सिटी थाना पुलिस ने पकड़ा 2 किलो 470 ग्राम गांजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहर योगेन्द्र सिंह परमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सोमवार को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक लड़का लाल पठार पर पुल के नीचे अवैध गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। यदि तत्काल पकड़ लिया जाये तो सफलता मिल सकती है। मुखबिर सूचना पर तत्काल टीम ने लाल पठार पर पुल के नीचे नाकबंदी कर मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पकड़ा एवं नाम पता पूछा तो उसने अपना नीतेश सेन पिता गजेन्द्र सेन उम्र 23 साल निवासी छात्रावास के पास लाल पठार का होना बताया। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 470 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 75,000 रुपये का जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गांजे लाने के स्त्रोत के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में शहर थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह परमार, सियाराम शर्मा, गौरव रघुवंशी सायबर सेल, सिद्धान्त भदौरिया, भूपेन्द्र चौबे, राकेश रावत, शरद रैकवार, दीपेश यादव, अभिषेक शुक्ला आदि की विशेष भूमिका रही

### दूसरे दिन भी कई घंटे बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। नगर में अघोषित विद्युत कटौती का दौर जारी है। मंगलवार को भी नगर के पचमा बायपास मार्ग पर सुबह से लेकर दोपहर तक बिजली प्रदाय बंद रहा। कई घण्टों तक बगैर सूचना के बिजली प्रदाय बंद रहने से उपभोक्ताओं को कई घण्टे अंधे में बगैर, पंखा, कूलर के समय गुजारना पड़ा और परेशानी उठानी पड़ी।

### योग का कर रहे अभ्यास



गंजबासौदा। नगर के पचमा बायपास मार्ग स्थित सिटी सेंटर मन्दिर परिसर में प्रतिदिन प्रातः 5:30 बजे से योग का अभ्यास कराया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवक, युवती शामिल होकर योग के आसन लगाकर योगाभ्यास करते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की भी योग कक्षा में तैयारियां हो रहीं है। 21 जून को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

## विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान एवं वाचनालय पाठक संघ की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि देश में 18 हजार हेक्टेयर जंगल नष्ट हुआ है। वहीं दूसरी ओर हर साल लाखों लोगों की मौतें वायु प्रदूषण से हो रही हैं। यदि आप और हम लोग मिलकर इस अवसर पर सभी समाज के लोग यह संकल्प लें कि इस पर्यावरण को बचाएं एवम प्रति वर्ष अपने पूर्वजों की स्मृति में एवम जन्म दिवस पर पौधारोपण कर जल बचाने का काम शुरू कर दें। उन्होंने सभी उपस्थित लोगो को शपथ दिलाई। इस अवसर पर समाज सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि जिसमें डॉ एके रोहले, नरेंद्र जैन, प्रदीप अरोरा, रमेश सोलंकी, कैलाश नेमा, उत्तम सोनी, सतीश शिल्पकार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आभार वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने माना।

### कार से टकराया ट्रायसिकल बाइक चालक

गंजबासौदा। सोमवार को शाम के समय मील रोड पर महावीर विहार के पास एक ट्रायसिकल बाइक चालक का वाहन अनियंत्रित हो गया, जिसने आगे जा रही कार से बचने के लिए ब्रेक लगाए, स्पीड तेज होने के चलते बाइक अनियंत्रित होकर कार से टकराकर सड़क किनारे पलट गई। इस घटना में बाइक चालक को मामूली चोटें आई। जिसे पास से गुजर रहे लोगों एवं कार चालक ने उठाया।



खबर संक्षेप

### घर पर पढ़े हार्दिक की नीट में 4601 रैंक

**सिरोंज।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अमित जैन पिंटू, सुनीता जैन के पुत्र हार्दिक जैन ने नीट परीक्षा 2024 में ऑल इंडिया में 10271 एवं कैटिगरी वाइज 4601 रैंक प्राप्त



कर सफलता प्राप्त कर सिरोंज एवं जैन समाज का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर हार्दिक जैन के पिता अमित जैन ने बताया कि बेटे ने बिना किसी कोचिंग के अपने ही घर में दिन रात पढाई कर आज यह सफलता हासिल की है। साथ ही बेटे को अपनी मेहनत और लगन का फल मिला है। हम ईश्वर से एक ही प्रार्थना करते है कि बेटा ऐसे ही आगे मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करें और इसी प्रकार समाज व सिरोंज का नाम प्रदेश व देश में रोशन करें।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**सागर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जिले में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले का मुख्य कार्यक्रम एरण में आयोजित किया जायेगा। जिसमें जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति के जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं, जनसामान्य शामिल होंगे। भारत सरकार द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग निर्धारित की गई है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण प्रातः 6:30 से किया जायेगा।

### आबकारी अमले ने अवैध शराब की जब्त

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी कीर्ति दुबे के मार्गदर्शन में एवं मंडल प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी आर एस बुंदेला के नेतृत्व में वृत्त बंडा

### आईजा ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर राज्यपाल का किया सम्मान

# जैन तीर्थ समेत प्रदेश के धार्मिक क्षेत्रों में शराबबंदी पर किया विमर्श

### आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने राज भवन पहुचकर महामहिम राज्यपाल से की मुलाकात के दौरान की विस्तृत रूप से चर्चा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएसन आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया के नेतृत्व में आईजा के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भोपाल राज भवन पहुचकर मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई छगन भाई पटेल से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधि मण्डल में आईजा के राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल,आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड. राजीव जैन सैनानी,पत्रकार आहान जैन आदि मौजूद रहें। तो वही प्रतिनिधि मण्डल ने प्रतिचिन्ह, भगवान श्रीराम नाम की पट्टी व हनुमान जी गदा भेंट कर महामहिम राज्यपाल का स्वागत सम्मान किया। साथ ही महामहिम राज्यपाल की उपस्थिति में आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया एंव राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल का भव्य सम्मान किया गया। इसी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने देशभर में आईजा के सर्वश्रेष्ठ मध्यप्रदेश के अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी का सम्मान किया और महामहिम राज्यपाल मंगू भाई छगन भाई पटेल का आर्शीवाद प्राप्त किया।

#### जैन तीर्थ क्षेत्रों की रक्षा को लेकर महामहिम राज्यपाल से विशेष चर्चा

आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने महामहिम राज्यपाल मंगू भाई छगन भाई पटेल से कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा मध्य प्रदेश के कई तीर्थ क्षेत्रो पर शराबबंदी लागू की गई है। आईजा की मांग है कि पूरे प्रदेश के धार्मिक तीर्थ क्षेत्रो पर शराबबंदी पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। साथ ही पूर्व में प्रदेश सरकार द्वारा घोषणा की गई थी कि जैन कल्याण बोर्ड का गठन किया जाएगा। उक्त जैन कल्याण बोर्ड का शीघ्र गठन करने की बात कही।

#### राज्यपाल ने पूछे अपने गांव के हाल चाल

आईजा के प्रतिनिधि मण्डल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी,पत्रकार आहान जैन के साथ गुजराज के जिले नवसारी के ग्राम चिकली के निवासी आईजा के राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल मौजूद रहें। वही लगभग 15 किमी दूर नवसारी में महामहिम राज्यपाल निवास करते है। जैसे ही महामहिम राज्यपाल ने महावीर श्रीश्रीमाल को देखा तो उनको अपने गांव की याद आ गई और दोनो ने आपस में मिलकर खुशी जाहिर की और एक दूसरे के अपने ग्राम के संबंध पुरानी बाते की और अपनी अपनी जानकारिया ली। इस मौके पर महावीर श्रीश्रीमाल द्वारा जीवदया के क्षेत्र में किए जा रहें उत्कृष्ट कार्यो को लेकर महामहिम ने शुभकामनाएं दी।

#### जूनागढ़ में स्थापित की गई दीपाली वेन के प्रतिमा

आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया द्वारा गुजरात के जूनागढ में आदिवासी महिला गायक कलाकार एंव पदम श्री से सम्मानित दीपाली वेन आदिवासी की प्रतिमा स्थापित की गई। उक्त प्रतिमा को हार्दिक हुंडिया ने स्वंय अपने खर्चे से बनवाकर जूनागढ के चौराहा पर स्थापित की। यह बात जब महामहिम राज्यपाल ने सुनी तो उन्होने बडी खुशी जाहिर की।

# लगातार 15वीं निर्विरोध बार गौशाला के अध्यक्ष निर्वाचित किए गए नवीन जैन

### समाज के गौरव राज्यसभा सांसद जैन का आईजा करेगी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जैन समाज के गौरव राज्यसभा सांसद नवीन जैन को 15वी बार गौशला सोसाइटी का निर्विरोध अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वही श्री हुंडिया ने कहा कि राज्यसभा सांसद नवीन जैन का बहुत जल्द ही आईजा भव्य स्वागत सम्मान करेगी।

वाटर वर्क्स बल्केश्वर स्थित अग्रवन में 119 वर्ष पुरानी श्री गौशाला सोसाइटी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें वर्ष 2025-27 की नयी कार्यकारणी गठित की गई जिसमें सर्वसम्मति से एक बार पुनः राज्यसभा सांसद नवीन जैन को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। कमेटी का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर अन्य कमेटी पदाधिकारियों ने राज्यसभा सांसद नवीन जैन को बधाई देते हुए उनका अभिनंदन किया। इसके अलावा चुनाव अधिकारी सीए दीपेंद्र मोहन अग्रवाल के नेतृत्व में कमेटी के अन्य पदाधिकारियों का भी चुनाव हुआ। श्री गौशाला कमेटी के कार्यकारिणी चुनाव में जहां अध्यक्ष राज्यसभा सांसद नवीन जैन को बनाया गया तो वहीं कार्यकारिणी मंत्री पद पर सुनील सिंघल और कोषाध्यक्ष पद पर किरण धवन को चुना गया। वहीं कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष राकेश कुमार मंगल, प्रेम सागर अग्रवाल, विनोद कुमार अग्रवाल, ओंकार नाथ गोयल व सदस्य के रूप में राकेश कुमार अग्रवाल, मनीष बंसल, अतुल कुमार गर्ग, अतुल कुमार बंसल, हरिशंकर अग्रवाल, अनुज अग्रवाल,श्रेयस अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, हर्ष गोयल, रमनलाल गोयल, पवन कुमार अग्रवाल, बी एन अग्रवाल, रूप किशोर अग्रवाल, अमित कुमार अग्रवाल, निखिल गर्ग, राजीव गर्ग निर्वाचित हुए। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नवीन जैन ने जानकारी देते हुए कहा कि श्री गौशाला कमेटी कार्यकारिणी का चुनाव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सबकी सहमति से संपन्न हुआ। श्री गौशाला सोसायटी संस्था को आगे बढ़ाने और इसके माध्यम से समाज सेवा व गौ माता की सेवा कार्यों को करना हमेशा उनके प्रयासों में रहा है। कार्यकारिणी का पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्होंने सभी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गई है, वह उसका पूर्ण कर्तव्य के साथ निर्वहन करते रहेंगे। ज्ञात हो की 119 वर्ष पूर्व श्री गौशाला कमेटी की

### आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री व प्रदेश अध्यक्ष ने जैन का किया सम्मान

# उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए रविन्द्र जैन का सम्मान करने में आज हमें गर्व हो रहा है : हार्दिक हुंडिया




**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोशिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया,राष्ट्रीय महामंत्री महावीर श्रीश्रीमाल,आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल पहुचकर मप्र के वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र जैन का सम्मान किया। इस अवसर पर आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया ने कहा कि पत्रकार रविन्द्र जैन काफी लंबे वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य कर रहें है। उनके उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए आज हमें उनका सम्मान करने में गर्व हो रहा है। उन्होने हमेशा प्रदेश के ज्वलंत समस्याओं को उठाकर न्याय के लिए लडाई लडी है। साथ ही उस लडाई की लंबी जंग में सफलता भी हासिल की है। हमें गर्व है कि मध्य प्रदेश में रविन्द्र जैन का नाम पत्रकारिता के क्षेत्र में शान से लिया जाता है। जब न्याय नही मिलता और जब वह नागरिक रविन्द्र जैन के पास पहुचते है तो श्री जैन उक्त नागरिको को न्याय दिलाने के लिए अपनी कलम की पूरी ताकत लगा देते हैं।

#### प्रदेश की प्रगति में पत्रकारों की अहम भूमिका

इस मौके पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार रविन्द्र जैन पत्रकारिता के क्षेत्र से जुडे होने के बाद भी जैन धर्म के लिए सदैव समर्पित रहें है। साथ ही मुनि संघो की सेवा के लिए हमेशा उन्होने आगे बडकर कार्य किया है। जैन समाज का संगठन त्यागी विर्ती के मामलो में समाज में श्री जैन की आग्रणीं भूमिका रही है। जब जब भी समाज में कोई भी परेशानी आई है उन्होने समाज हित में आगे रहकर समाज के लिए संघर्ष की लडाई लडी है। वही उन्होने कहा कि देश व प्रदेश की प्रगति में पत्रकारों की अहम भूमिका रहती है।

# सीएम यादव ने की स्टेडियम निर्माण की घोषणा खिलाड़ियों व युवाओं प्रेमियों में हर्ष

### 10 वर्षों से अटके स्टेडियम का अब होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



2013 में थाना मैदान पर हुई तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा की थी सोमवार 16 जून को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बरेली में स्टेडियम निर्माण की घोषणा की जैसे नगर एवं क्षेत्र के खिलाड़ियों के भाव एवं खेल प्रेमियों में भारी हर्ष बना हुआ है। 2013 से अनेक वर्षों तक भूमि को लेकर स्टेडियम का निर्माण रोक रहा 6 वर्ष पूर्व शासकीय महाविद्यालय की लगभग 6 एकड़ भूमि का खेल एवं युवक कल्याण विभाग को हस्तांतरण हो चुका है ।

इसके बाद भी बजट की कमी से स्टेडियम निर्माण का कार्य शुरू नहीं हो पाया 16 जून को क्षेत्र के विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शर्मा जी पटेल धन्यवादों के साथ स्टेडियम निर्माण की प्रमुखता से मांग मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव के समक्ष रखी मुख्यमंत्री यादव ने स्टेडियम निर्माण कराए जाने की घोषणा की तो सभा पंडाल तालियो से गूंज उठे। एक दशक पुरानी पूर्व सीएम चौहान की घोषणा अब कुछ वर्षों में स्टेडियम का रूप में आकार लेगी और युवाओं खिलाड़ियों को खेलों के अभ्यास प्रतियोगिताओं के आयोजन की सुविधा प्रारंभ होगी। मुख्यमंत्री का आभार स्टेडियम निर्माण की घोषणा से युवकों छात्रों खिलाड़ियों में भारी हर्ष बना हुआ है। जिला वालीबाल संघ अध्यक्ष हरनाम सिंह राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, पार्षद ठाकुर सिंह पटेल, पूरन सिंह धाकड़, सुरेश बिंदुआ निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, अवध नारायण सक्सेना, भगवान दास राठी, बालक हा,से क्रीड़ा अधिकारी अरविंद जरारिया, प्रभाकर तिवारी, राजेश हजारी, लाखन सिंह राजपूत, शिवनारायण सक्सेना, सहित पठान, लाइक कुरेशी, इत्यादि ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री डॉ यादव, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का आभार व्यक्त किया है।

### अभिभाषक संघ का निर्वाचन

# प्रक्रिया के तहत अंतिम दिन 8 नामांकन पत्र जमा किए गए



**बरेली।** अभिभाषक संघ की वर्ष 2026 27 निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। 17 जून तक कुल आठ नामांकन पत्र जमा किए गए। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो एवं सह सचिव पद के लिए दो नामांकन जमा हुए। अन्य पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र जमा हुए। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 19 जून के बाद उम्मीदवारों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। निर्वाचन अधिकारी साहब सिंह धाकड़ ने बताएं अनुसार अभिभाषक संघ के कुल 157 सदस्य हैं। अध्यक्ष पद के लिए सुरजीत सिंह चौहान एवं बलवंत पटेल द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। उपाध्यक्ष के लिए राघव रघुवंशी, सचिव पद हेतु जीवन सिंह धाकड़, सह सचिव पद हेतु विपिन राजपूत एवं शिवेंद्र धाकड़, कोसा अध्यक्ष पद हेतु राजेंद्र कुमार जैन, ग्रंथपाल पद हेतु संदीप श्रीवास्तव द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए हैं। 19 जून तक नाम वापसी और यदि आवश्यक हुआ तो अध्यक्ष एवं सह सचिव पद के लिए 29 जून को मतदान होगा नगर के अभिभाषकों में पदाधिकारी के नाम की चर्चा और सक्रियता बनी हुई है।

### चाट चौपाटी की दुकानें खोलने सौंपा ज्ञापन

**सागर।** कलेक्टर परिसर मे बने रिकॉर्ड रूम भवन मे इंडियन कॉफ़ी हॉउस रेस्टोरेंट खोले जाने पर शिवसेना संगठन ने कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए जन सुनवाई मे ज्ञापन सौंप कर इंडियन कॉफ़ी हॉउस के बाजु मे खाली पड़ी जगह पर चाट चौपाटी खोले जाने की मांग की। शिवसेना जिला प्रमुख दीपक लोधी के नेतृत्व मे सोपे गए ज्ञापन मे उल्लेखित है की इंडियन कॉफ़ी हॉउस मे बिक्रिय होने वाले इडली डोसा सांभर बड़ा की कीमत अधिक रहेगी जो कलेक्ट्रट परिसर मे आने वाले मजदूर किसान गरीब भुगतान नहीं कर पाएंगे। कलेक्टर परिसर की खाली जगह मे पोहा, जलेबी, समोसा, कचौड़ी चाट चौपाटी की दुकान लगाने की आनुमति दी जाए जिस से गरीबो को राहत मिल सके। शिवसेना उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी ने कहा की कलेक्टर परिसर मे जिस जगह सरकार ने रिकॉर्ड रूम भवन बनाया है उसे किस नियम के तहत हटाकर इंडियन कॉफ़ी हॉउस को अनुमति दी।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन से पूर्व पुलिस ने हिरासत में लिया

### सिविल अस्पताल के ऊपरी तल पर कार्यक्रम समाप्ति तक बैठाए रखा



**बरेली।** सोमवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रोड शो तिरंगा यात्रा के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा विभिन्न मांगों के लिए प्रदर्शन और काले झंडे दिखाए जाने की संभावना के मद्देनजर 10 15 कार्यकर्ताओं को पुलिस ने कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व हिरासत में लेकर सिविल अस्पताल के खाली पड़े तल पर रखा गया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद छोड़ दिया। बरेली को जिला बनाने के साथ अन्य मांगों के लिए कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रदर्शन करने वाले थे। टीआई कपिल गुप्ता ने बताया कि कांग्रेस के प्रदर्शन संबंधी पोस्ट भी सोशल मीडिया पर डाली गई थी। वहीं क्षेत्र के पूर्व विधायक भगवान सिंह राजपूत के पुत्र ज्ञानेंद्र राजपूत ने बताया कि वह मुख्यमंत्री के समक्ष बरेली को जिला बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने वाले थे। पुलिस ने उनके शोरूम के सभी एकत्रित कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर सिविल अस्पताल की ऊपरी मंजिल पर बैठाया रखा गया। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी को छोड़ दिया।

### तिरंगा यात्रा में जेबकतरे भी सक्रिय

# जेब से बटुआ किया पार, खाली पर्स बच्चा दुकान पर लौटा गया



**बरेली।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में निकली नगर में ऐतिहासिक विशाल तिरंगा यात्रा के दौरान जैब कतरे भी सक्रिय रहे। जोश खरोस और भारी उत्साह के साथ सम्मिलित हुए लोगों की भारी भीड़ उपस्थिति में अनेक लोगों की जेब काटकर अज्ञात लोगों ने छोटी बड़ी नगदी राशि गायब कर दी। तीन चार लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा के दौरान उनकी जेब कटने और राशि चोरी हो जाने की पुलिस थाने में आवेदन देकर शिकायत की गई। सीएम डॉ यादव, राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तिरंगा यात्रा में रथ पर सवार थे। तो हजारों लोग हाथों में तिरंगा लेकर साथ चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में भारी भीड़ थी। तेज धूप और गर्मी उमस से सम्मिलित होने वाले हैरान परेशान भी हो रहे थे। तिरंगा यात्रा का मुख्य मार्ग पर 108 स्थान पर स्वागत मंच बनाए गए थे। भारी भीड़ की स्थिति में स्थानीय जेब कतरो की सक्रियता रही। किसी की 2, 5, 3, 8 हजार की नगदी राशि रखी जेब पर मौका मिलते ही जेब कतरों ने हाथ साफ कर दिया। जयप्रकाश राठी के पर्स में रखे आठ, 9 हजार रुपए निकाल कर खाली पर्स उनकी दुकान पर किसी बच्चे के द्वारा पहुंचा दिए जाने से स्थानीय जेब कतरे होने की संभावना जताई जा रही है। वहीं मामले में टीआई कपिल गुप्ता का कहना है कि, चार-पांच लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा के दौरान जेब काटने की राशि निकाल लेने की आवेदन देकर शिकायत की गई।

# सेवा का संकल्प लेकर सत्ता में आए हैं बदलाव होगा तभी लोकतंत्रः मुख्यमंत्री

### सीएम ने किसानों, भाजपा के वरिष्ठों से किया संवाद



**डॉक्टरों, किसानों, वकील, व्यापारियों के साथ निर्वाचित जन प्रतिनिधियों की बनेगी जिला विकास समितियां**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनसभा के बाद क्षेत्र के किसानों, गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्धजनों और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा का संकल्प लेकर भाजपा सत्ता में है, बदलाव हो तभी लोकतंत्र का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्ण प्रदेश में निर्वाचित जन प्रतिनिधियों के साथ डॉक्टरो, किसानों, वकीलो, व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों को सम्मिलित कर जिला स्तरीय विकास समितियां बनाई जाएगी। जिनके द्वारा अगले 5 वर्षो में विकास कार्यो की सूची तैयार की जाएगी। ग्रामों, नगरो का विकास संबंधित मास्टर प्लान बने और कार्य हो इसके लिए सभी 320 विधानसभा वार प्लान भी बनाने का प्रयास होगा।

**सीमा पर जवान, खेत में किसानः** मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों में समृद्धि आ रही है। इसका देश और प्रदेश की सरकार तेजी से प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने व्यंग में कहा कि पहले रात में बिजली नहीं रहती थी। अब दिन में भी बिजली जल रही है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश में बदलाव आ रहा है। आप इसके महसूस भी कर रहे होगे। किसानों की समृद्धि के प्रयासों में गौपालन, गौशाला खोलने और अनुदान देने के संबंध में भी बताया और कहा कि सीमा पर जवानों का और देश में किसानों का महत्व है। प्रदेश को देश में नंबर वन बनाने का सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ
अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR,Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University
BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University
BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
BSC Duration 3 year Affillated to: barkatullah University
B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University
ITI Fitter Copa Affilliated to NCVT
B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

iti.kbtgroup.in
Institute Code - PR23000909
K.B.T. PRIVATE ITI
NCVT नई दिल्ली से मान्याता प्राप्त
NH-146,Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ELECTRICIAN 2 Years 10th & 12th Pass (Math/Science)
HEALTH SANITARY INSPECTOR 1 Year-10th Pass
City Office : Cist College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592-403481,796042,9893708149

**खबर संक्षेप**

## जनसुनवाई में समस्याओं का किया गया समाधान




**रायसेन।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में प्रति मंगलवार की भांति आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान हेतु निर्देशित किया। साथ ही विकासखण्ड स्तर पर प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरतापूर्वक निराकृत करने के लिए कहा जिससे कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जिला मुख्यालय पर ना आना पड़े। जनसुनवाई में प्राप्त अधिकांश आवेदन अतिक्रमण, खाद्यान्न पात्रता पर्ची, आर्थिक सहायता, विद्युत सहित शासकीय की विभिन्न योजनाओं के लाभ से संबंधित थे।

## जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**रायसेन।** कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशानुसार इस अवधि में जिले में मत्स्याखेट मत्स्य क्रय-विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं मत्स्य परिवहन करना निषेध किया गया है। मप्र शासन मछली पालन विभाग के निर्देशानुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिसको निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन्हें छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इन नियमों के उल्लंघन पर मप्र मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष तक का कारावास या पॉच हजार रू तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किए जाने का प्रावधान है। आमजन से 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि में स्वयं मत्स्याखेट एवं मत्स्य परिवहन नहीं करने और ना ही इन कार्यो में सहयोग देने के लिए कहा गया है।

## जिले में अब तक 42 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से 17 जून तक 42 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 28.2 मिलीमीटर अधिक है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 जून से 17 जून तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 79 मिलीमीटर, गैरतगंज में 33.6, बेगमगंज में 51.1, सिलवानी में 53.6, गौहरगंज में 26, बरेली में 24, उदयपुरा में 15, बाड़ी में 47, सुल्तानपुर में 88.9 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 2.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 17 जून को प्रातः 08 बजे तक 4.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 6.4 मिलीमीटर, गैरतगंज में 0, बेगमगंज में 17.4, सिलवानी में 9, गौहरगंज में 0, बरेली में 2.8, उदयपुरा में 0, बाड़ी में 1, सुल्तानपुर में 12 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## सर्पदंश से बचाव के लिए बताए तरीके

**रायसेन।** राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह विभाग ने वर्षाकाल के दृष्टिगत सर्पदंश की घटनाओं के नियंत्रण एवं बेहतर प्रबंधन के लिए सभी जिलों के कलेक्टर को आवश्यक तैयारी एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिये निर्देश जारी किये हैं। सर्प-दंश स्थानीय आपदा घोषित है, इसके प्रभावी प्रबंधन के लिए हर ज़िले के लिए 23.17 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि का उपयोग प्रशिक्षण, जन-जागरूकता, मॉक ड्रिल, उपकरण की व्यवस्था और प्रचार-प्रसार जैसे कार्यों में किया जाएगा।

# जिले भर में अचानक बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए रेस्क्यू टीम मुस्तैद

◆ 11 डिजास्टर रिस्पोंस सेंटर बनाए | ◆ तीन क्विक रिस्पोंस टीम गठित | ◆ ग्रामीणों को किया जा रहा प्रशिक्षित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मूसलाधार बारिश के दौरान नदी नालों में जल भराव, बाढ़ आने की स्थिति में इससे निपटने के लिए रेस्क्यू पुलिस होमगार्ड जवान प्रशिक्षित तैराक पर्याप्त संसाधनों के साथ बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए प्रथम चरण में प्रशिक्षित हो चुके हैं।

इधर जिले के कुछ निचले इलाकों में जलभराव के हालातों से निपटने के लिए होमगार्ड सैनिकों पुलिस जवानों की रेस्क्यू टीम सहित आपदा मित्रों को बीते दिनों नर्मदा तट बोरास में प्रशिक्षण दिया गया है, जहां इनको गहरे पानी में जाकर लोगों की जान बचाने सहित बाढ़ के दौरान सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए दक्ष किया गया। इसी तरह का एक प्रशिक्षण जिला मुख्यालय के नजदीक ग्राम बनछोड़ के डेम में दो दिन का प्रशिक्षण दिया गया। जिला मुख्यालय पर बाढ़ नियंत्रण तथा सूचना कक्ष की स्थापना भी की गई है। मानसून से पहले होमगार्ड विभाग ने बारिश के दौरान बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी है। मोटर बोट, लाइफ जैकेट जैसे जरूरी उपकरणों के अलावा अन्य संसाधनों के साथ सैनिकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। जिला होमगार्ड कमांडेंट उमेश तिवारी के अनुसार जिले में 11 स्थानों पर डिजास्टर रिस्पोंस सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां होमगार्ड जवान सभी संसाधनों के साथ हर समय मौजूद रहेंगे।

साथ ही जिला मुख्यालय पर तीन क्विक रिस्पोंस टीम तैनात रहेंगी, जो किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल रवाना होने के लिए तैयार रहेंगी। इन टीमों में होमगार्ड के सात-सात प्रशिक्षित सैनिक रहेंगे, जिनके पास बड़े वाहन सहित मोटर बोट, लाइफ जैकेट, रस्सा, टॉर्च आदि सभी संसाधन रहेंगे। जिला होमगार्ड कमांडेंट तिवारी ने बताया कि आपदा से निपटने और बाढ़ संभावित क्षेत्र, गांवों की जानकारी के लिए आपदा मित्रों का सहयोग भी लिया जाएगा। ये आपदा मित्र बीते सालों में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में प्रशिक्षण देकर तैयार किए गए हैं।

### बरसात से पहले तैयारी

*आपदा से सुरक्षा के मद्देनजर ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लगभग 100 गांवों में बाढ़ से नुकसान का खतरा रहता है जहां, संसाधन नहीं हैं वहां कंबल व खाली बॉटलों से सुरक्षा हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें सुरक्षा उपकरण बनाना, पानी या कोलड्रिंक की खाली बोतलों से लाइफ जैकेट बनाना, खाली टीन के डिब्बों से पानी पर तैरने के लिए नाव बनाना, कंबल व बांस का प्रयोग कर स्ट्रेचर तैयार करने का तरीका, मोटी रस्सी में गांठ लगाकर स्ट्रेचर तैयार करने का तरीका, थर्माकोल को बोरी या कट्टे में भर के पानी में तैरने की विधि एवं कपड़ों को जोड़कर बचाव के लिए रस्सी बनाने का तरीका सिखाया जा रहा है।*

### सुरक्षा के नहीं हैं पुख्ता इंतजाम

बरसात से पहले बाढ़ आपदा से सुरक्षा को लेकर आपदा प्रबंधन की टीम उपकरणों से लैस हो गई है, लेकिन गांवों में सुरक्षा को लेकर ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे ग्रामीण एसडीइआरएफ जैसी अन्य टीमों के पहुंचने से पहले खुद की सुरक्षा कर सकें। ग्रामीणों को प्रशिक्षण तो दिया जा रहा है, लेकिन उपकरणों के अभाव पर कोई चर्चा नहीं हो रही है जिसकी आपदा के दौरान जरूरत पड़ सकती है। फिलहाल ग्रामीणों को आपदा के दौरान घरेलू सामग्री को सुरक्षा उपकरण के रूप में प्रयोग करने का तरीका बताया जा रहा है। जिले में संभावित बाढ़ आपदा वाले कुल 110 गांव चिह्नित किए गए हैं। ज्यादातर गांव बेतवा नर्मदा और बारना, कौड़ी नदी से प्रभावित होने वाले हैं।

### इनका कहना है

बाढ़ आपदा के दौरान सूचना पर आपदा प्रबंधन की टीम पहुंचती है। टीम के पहुंचने तक ग्रामीण खुद की सुरक्षा कैसे करें। इसके लिए उन्हें प्रशिक्षित किया जा रहा है। घरेलू सामग्री को किस तरह सुरक्षा उपकरण के रूप में प्रयोग कर सकते हैं, यह जानकारी भी दी जा रही है। प्रशिक्षण उन गांवों में दिया जा रहा है, जो गांव संभावित बाढ़ आपदा को लेकर चिह्नित हैं। फिलहाल विभाग में बाढ़ से निपटने पर्याप्त संसाधन हैं।

*उमेश तिवारी, जिला होमगार्ड कमांडेंट*

**16 लाख रुपए की मशीनरी, ट्रैक्टर जब्त**

## चिकलोद में अतिक्रमण मुक्त कराई वनभूमि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सामान्य वन मंडल औबेदुल्लागंज की वनरेंज चिकलोद में वन अमले द्वारा वनभूमि से अतिक्रमण मुक्त कराए जाने का मामला सामने आया है तो दूसरी ओर वन विभाग द्वारा इसी क्षेत्र में एक और बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया।

वनभूमि में चल रहे अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे दो ट्रेक्टर ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन भी जब्त की। मशीन और ट्रेक्टर ट्रॉली की कीमत लगभग 16 लाख रुपए बताई जा रही है। वन विभाग द्वारा उक्त जब्त किए गए दोनों ट्रेक्टर ट्रॉलियों और एक जेसीबी मशीन को राजसात करने की कारवाई की जा रही है। उक्त कार्यवाही मुख्य वन संरक्षक राजेश खरे भोपाल और वन मंडल अधिकारी हेमंत रैकवार के निर्देशन में एसडीओ निकुंज पांडेय, रेंजर अंचल भारद्वाज और डिप्टी रेंजर नरेश कुशवाह और उनकी टीम द्वारा यह बड़ी कार्यवाही की गई।

डीएफओ हेमंत रैकवार ने बताया कि आरोपी रमेश भील और नेहाल सिंह भील द्वारा चार हेक्टेयर वनभूमि पर अतिक्रमण कर उस पर खेती की जा रही थी, जिसे अमले ने मशीनें चलाकर मुक्त करा ली है।

## गलियों में डाली जा रही आरसीसी बारिश में ग्रामीण ना हो परेशान

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी में इस समय गली-गली और रोड पर आरसीसी कराया जा रहा है ताकि बारिश में ग्रामीणोंको सुविधा मिल सके। बता दे की अंबाडी पंचायत के अंतर्गत सत्ती ,बांसिया, और मुस्काबाद गांव आते हैं। इन गांवों में कई बरसों से मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को नहीं मिल पा रही है। लेकिन अब ग्रामीणों को सुविधा मिलने जा रही है क्योंकि ग्राम पंचायत अंबाडी द्वारा अंबाडी गांव में गली-गली में आरसीसी किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों को बारिश के समय में कीचड़ और दलदल से छुटकारा मिल सके। सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार अहिरवार ने बताया है कि गांव में कई गलियां ऐसी है जहां पर कई वर्षों से आरसीसी रोड की सुविधा ग्रामीणों को नहीं मिली है।

## तहसील के स्कूलों में नहीं हैं वाचनालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



सरकारी हाई स्कूलों, हायर सेकंडरी स्कूलों में शासन ने समाचार पत्र, पत्रिकाएं पढ़ने के लिए वाचनालय, विज्ञान के प्रयोग सीखने के लिए प्रयोगशाला और इंफार्मेशन टेक्नालॉजी की बारीकियां सीखने के लिए आईटी लैब खोलने के इंतजाम करने को कहा है।

इसके बाद भी तहसील के 25 सरकारी हाईस्कूल तथा हायर सेकंडरी स्कूलों में वाचनालय तक नहीं खुले हैं। छात्र छात्राओं को अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ने के लिए नहीं मिल रहे हैं। नगर में सीएम राइस स्कूल तथा पीएम श्री विद्यालय हैं दोनों ही संस्थानों में हालांकि समाचार पत्र पहुंच रहे हैं जहां कि बच्चे अखबारों का अवलोकन कर अपने ज्ञान को बढ़ा रहे हैं, लेकिन यहां पर भी समाचार पत्रों के अतिरिक्त अन्य प्रकार का साहित्य बच्चों को उपलब्ध नही होना बताया जा रहा है।

इतना ही नहीं तमाम हाईस्कूलों, हायर सेकंडरी स्कूलों में साइंस लैबोरेटरी तक की सुविधा नहीं मिल रही है। ऐसे में विद्यार्थी विज्ञान के प्रयोग कैसे सीखते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

## 187 पुलिस कर्मियों का हुआ तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के 187 पुलिस कर्मियों की तबादला सूची जारी, नर्मदा पुरम रायसेन पुलिस संभाग रेंज के एक ही थाने एक ही संभाग में 5 सालों से पदस्थ एसआई से लेकर आरक्षक हेडकांस्टेबल इधर से उधर हुए हैं।

नर्मदापुरम रायसेन पुलिस संभाग रेंज के अंतर्गत आने वाले रायसेन जिले के 20 थानों में पिछले 5 सालों से पदस्थ 187 से अधिक पुलिस कर्मियों की कल देर रात ट्रान्सफर सूची जारी कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय रायसेन से मिली जानकारी के मुताबिक 58 आरक्षक, 76 हेडकांस्टेबल, 28 एएसआई, 22 एसआई, उप निरीक्षक 3 के तबादले इधर से उधर हुए हैं। पुलिस विभाग इन तबादलों को लेकर यह कहा जा रहा है कि एक ही थाने लंबे अरसे से जमे होने की वजह से कई शिकायतें भी सामने आ रही थीं, जिसके चलते पुलिस महकमे के आला अफसरों ने इसे गंभीरता से संज्ञान में लिया है। हालांकि लंबे समय से रायसेन कोतवाली और जिले के थानों पुलिस चौकियों में पदस्थ रहने के कारण ट्रांसफर किए गए।

## ध्यान तनाव को कम करने, मानसिक स्पष्टता बढ़ाने में करता है मदद : खत्री

### सांची बौद्ध विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय योग शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।शिविर के प्रथम दिवस मांडूक्य उपनिषद विषय पर आधारित ध्यान कराया गया।

योग एवं आयुर्वेद विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उपेंद्र बाबू खत्री द्वारा मांडुक्य उपनिषद में वर्णित ध्यान की अवधारणा से परिचित कराया गया। उन्होंने बताया कि ध्यान के माध्यम से जीवन को दिव्य बनाया जा सकता है और मांडूक्य उपनिषद अथर्ववेद से लिया गया है, जिसका उद्देश्य चेतना की चार अवस्थाओं के प्रति अनुभव को विकसित करना है। योग के माध्यम से लोगों को बताया गया कि ध्यान तनाव को कम करने, मानसिक स्पष्टता बढ़ाने और समग्र कल्याण में सुधार करने में मदद करता है। डॉक्टर खत्री ने बताया कि मनुष्य अपनी धारणाओं के अनुसार ही व्यवहार करता है और ध्यान के माध्यम से सकारात्मक सोच विकसित होती है इसलिए ध्यान मानव जीवन के लिए उपयोगी है।

## जल के बिना जीवन नस्वर : डॉ. चौधरी





जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पूरेन तालाब पर किया श्रमदान एवं पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को नगर पालिका परिषद द्वारा पूरेन तालाब पर सामूहिक श्रमदान और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा सामूहिक श्रमदान कर पूरेन तालाब के घाटों की सफाई की गई तथा पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर विधायक डॉ चौधरी ने सभी नागरिकों से जल गंगा संवर्धन अभियान में सहभागिता कर पुरानी जल संरचनाओं को संरक्षित करने तथा बारिश के अधिक से अधिक जल को संग्रहित करने हेतु कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जल के बिना जीवन नस्वर है इसलिए पानी को सहेजना बहुत जरूरी है। नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पौधरोपण करने के लिए भी कहा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे सहित विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, सीएमओ सुरेखा जाटव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**कम दिनों वाली धान की बुवाई की तैयारी, कम लागत से मुनाफा**

## खेतों में नर्सरी तैयार करने में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



मौसम में आए बदलाव के बाद कुछ दिनों से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए। रविवार सोमवार सुबह किसान खेतों को पहुंचे। कुछ किसान धान पौध की नर्सरी तैयार करने में जुट गए। कुछ किसानों ने पहले ही नर्सरी तैयार कर ली है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम का पारा शीर्ष पर था। लगातार बढ़ते पारे से लोग परेशान थे। रात को मौसम ने करवट बदली। रात में आई तेज आंधी के साथ जमकर बारिश हुई। इससे लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। रविवार सोमवार की सुबह किसानों ने सीधे खेतों की ओर रुख किया और धान की नर्सरी के लिए किसानों ने खेतों की हल्की जुताई की और नर्सरी की तैयारी में जुट गए। किसानों के लिए इस बार मानसून राहत लेकर आया है। मानसूनी बारिश इस बार समय से शुरू होते ही किसान धान की नर्सरी डालने के लिए खेतों का रूख कर लिए हैं।

अगर समय से धान की नर्सरी डाली जाएगी तो बारिश होने पर रोपाई भी समय से शुरू हो जाएगी। आगे रोपाई होने से धान की अच्छी पैदावार होगी। किसानों की मानें तो मध्यम व देर से पकने वाली किस्मों की बोआई जून के दूसरे हफ्ते तक और जल्दी पकने वाली किस्मों की बोआई जून के दूसरे हफ्ते से तीसरे हफ्ते तक करने का उपयुक्त समय माना जाता है।

### 21 से 25 दिन में धान की रोपाई पर मिलेगी अच्छी पैदावार

इस बार मानसूनी बारिश समय से होने पर किसान खेती-किसानी में जुट गया है। कृषि विभाग के अधिकारियों की मानें तो धान की नर्सरी डालने के 21 से 25 दिन के अंदर रोपाई कर देनी चाहिए। इससे अच्छी पैदावार होगी। देर से रोपाई करने पर पैदावार प्रभावित होती है। अगर धान की नर्सरी डालने के एक महीने बाद रोपाई करेंगे तो प्रतिदिन 40 किग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से पैदावार में कमी आएगी। नर्सरी डालने के बाद हर दूसरे दिन इसका पानी बदलते रहें। धान की नर्सरी डालने का इस समय पीक ऑवर चल रहा है। नर्सरी डालते समय खेत में अधिक पानी नहीं होना चाहिए। नहीं तो धूप में पानी के गरम होने पर बीज का जमाव प्रभावित हो सकता है। किसान नर्सरी डालने से पहले उन्नतशील बीज का चयन कर लें। बीज जनित बीमारियों से बचाव के लिए बीज का शोधन अवश्य करें।

## सिलवानी पुलिस ने किया 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सिलवानी पुलिस ने 5000 का इनामी आरोपी साद उर्फ शाहिद खान पिता हारुन खां उम्र 24 साल निवासी ग्राम जैथारी को गिरफ्तार किया है। जो कि 20 अगस्त 2024 से फरार था। जिसे जिला पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पांडेय अति पुलिस अधीक्षक रायसेन कमलेश कुमार खरपुसे एसडीओपी सिलवानी अनिल कुमार मौर्य के निर्देशन में थाना सिलवानी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में जेआर पर प्रस्तुत किया गया। जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है ।

**ऐजेन्सी देना है।** हरिभूमि
रायसेन जिले में ऐजेन्सी देना है ।
सुल्तानपुर, बेगमगंज, देहगॉव, उदयपुरा, गैरतगंज, राजपुरा, खरगौन, विनेका, देवरी
सम्पर्क करें संदीप दुबे: 9826293534
पता :- हरिभूमि कार्यालय 4 फ्लोर, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल
मो.: 8770833858, 9827743042